# कार्यालय महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना
## विकासखण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/ 170 /कलस्टर/IFC/2025 माकड़ीखुना, दिनांक 19/09/25

प्रति,

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी NIC
कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

विषय :- विज्ञापन पोर्टल में अपलोड कराने बाबत्।
संदर्भ :- जिला पंचायत का पत्र क्रमांक/4336/जि.प./DAY,NRLM/IFC/2025-26 कांकेर, दिनांक 08.08.2025।

---0O0---

उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार लेख है कि, महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) में इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग कलस्टर परियोजना संचालित करने हेतु **IFC** कलस्टर के सुलभ संचालन एवं मॉनिटरिंग के अनुसार भर्ती प्रक्रिया दिनांक 26/09/2025 अपरान्ह 5:00 बजे तक भर्ती विज्ञापन को **www.kanker.gov.in** विज्ञापन की वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।

अतः आपसे निवेदन है कि विज्ञापन आनलाईन पोर्टल में अपलोड करने की महान कृपा करें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

सुमित्रा परचाकी परमेश्वरी जितेश्वरी कोमरा

अध्यक्ष / सचिव / कोषाध्यक्ष
महानदी महिला कलस्टर संगठन
माकड़ीखुना

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
नोड़ल सीएलएफ
महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना

# कार्यालय महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना
## विकासखण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/168/कलस्टर/IFC/2025 माकड़ीखुना, दिनांक 19/09/25

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना, जिला उ.ब. कांकेर, अंतर्गत आईएफसी एंकर कुल 01 पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना, जनपद पंचायत कांकेर, जिला उ0ब0 कांकेर (छ.ग.), पिन – 494332 के नाम से दिनांक 26.09.2025 से 08.10.2025 समय शाम 5:00 PM बजे तक आवेदन पत्र वन्द लिफाफे में स्वीकार किये जायेंगे। पद, वेतनमान एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना, जागरूक महिला कलस्टर संगठन धनेलीकन्हार, आदर्श महिला कलस्टर संगठन गढ़पिछवाड़ी, कंचन महिला कलस्टर संगठन बारदेवरी एवं बिहान शाखा जनपद पंचायत कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर, से सम्पर्क किया जा सकता है।

सुमित्रा पटवाकी परमेश्वरी जितेश्वरी कोमरा

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
महानदी महिला कलस्टर संगठन
माकड़ीखुना

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
नोड़ल सीएलएफ
महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना

पृ. क्रमांक/169/कलस्टर/IFC/2025 माकड़ीखुना, दिनांक 19/09/25

प्रतिलिपि :–

1. कार्यालय कलेक्टर महोदय, जिला उत्तर वस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उ.व. कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ ।

सुमित्रा पटवाकी परमेश्वरी जितेश्वरी कोमरा

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
महानदी महिला कलस्टर संगठन
माकड़ीखुना

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
नोड़ल सीएलएफ
महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना

# कार्यालय महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना
## विकासखण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

बिहान

क्रमांक/ 172 /कलस्टर/IFC/2025

माकड़ीखुना, दिनांक 19/09/25

## //आई.एफ.सी.एंकर (I.F.C.) भर्ती विज्ञापन//

एकीकृत फार्मिंग कलस्टर अंतर्गत आईएफसी एंकर ग्रामीण क्षेत्रों के आजीविका सवर्धन हेतु फार्म, ऑफफार्म एवं नॉनफार्म आजीविका विभिन्न कार्य जैसे–एग्रो इकोलॉजिकल पद्धति मिट्टी के स्वास्थ्य और जल स्तर में सुधार, फसल, विविधीकरण और उत्पादकता में सुधार एंव एग्रीन्यूट्री गार्डन के माध्यम से पोषण में सुधार, पशुधन प्रवंधन, नस्ल में सुधार, समय पर पशु चिकित्सा देखभाल और टीकाकरण को अपना कर महिला स्व. सहायता समूह सदस्यों मुख्यतः महिला किसानों एवं पशुपालकों के आजीविका स्तर को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत क्लस्टर संगठन को क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में चयनित किया गया हैं। इस कार्य के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु आई.एफ.सी. एंकर की भर्ती की जानी हैं। जिस हेतु इच्छुक व पात्र उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित हैं। उक्त आई.एफ.सी. एंकर की भर्ती पूर्णकालिक के लिए ही होगी। यह भर्तियां पूर्ण रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहानें अंतर्गत गठित कलस्टर संगठन के स्वामित्व के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नही हैं।

आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 26/09/2025 व अंतिम तिथि 08/10/2025 को समय संध्या 5.00बजे तक केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से पता कार्यालय बिहान महानदी महिला कलस्टर संगठन भवन माकड़ीखुना, जनपद पंचायत कांकेर, जिला – उ0ब0 कांकेर (छ.ग.) पिन कोड़ – 494332 के माध्यम से बंद लिफाफे मे ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। अंतिम तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्वयंमेव निरस्त माना जावेगा।

**आई.एफ.सी. एंकर हेतु आवश्यक अर्हता, मापदण्ड, मानदेय व भत्ता का विवरण**

| क्र. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम कार्यानुभव (वर्ष) | एक मुस्त मासिक मानदेय (रू.में) | यात्रा भत्ता (रू.में.) | वांछित अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कृषि, उद्यनिकी एवं संबंधित विषय में स्नातक उपाधि | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता उपरांत फील्ड स्तर पर कृषि एवं पशुपालन आधारित अजीविका कार्य का न्यूनतम 02 वर्ष का कार्यानुभव। | 30,000/– | 3,000/– | • यदि कॉलम 2 एवं 3 के अनुसार उम्मीदवारों की अनुपलब्धता होती हैं तो शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से नियमित स्नातक डिग्री के साथ ग्रामीण स्तर एवं कृषि संबंधित कार्य का 02 वर्ष का अनुभव वांछित ।<br>• ग्रामीण परिप्रेक्ष्य एवं मार्केटिंग में कार्यानुभव को प्राथमिकता<br>• हिन्दी एवं अग्रेजी भाषा में कार्य करने में सक्षम । साथ ही स्थानीय भाषा का ज्ञान हो।<br>• कम्प्यूटर एवं एम.एस.ऑफिस में कार्य करने में दक्ष, हिन्दी व अंग्रेजी टाईपिंग आती हो। जिसके लिए अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य है।<br>• रिपोर्ट लेखा एवं डेटा प्रबंधन में दक्षता ।<br>• क्षेत्र भ्रमण के लिए आवश्यक समस्त दस्तावेज सहित स्वयं का वाहन ( दो–पहिया) । |

1. आयु सीमा – अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी, 2025 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हों।
2. पद की संख्या – 01 (मुक्त)

3. निवासी – छत्तीसगढ़ राज्य/जिलें का मूल निवासी हो।
4. IFC एंकर के मानदेय को नोडल सीएलएफ द्वारा प्रावधानित IFC बजट से जारी किया जावेगा।
5. चयन प्रक्रिया के नियम एवं शर्ते मार्गदर्शिका के अनुरूप किया जावेगा।
6. IFC एंकर की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी एवं IFC योजना के समाप्ति पश्चात स्वतः नियुक्ति समाप्त मानी जावेगी।
7. IFC एंकर की नियुक्ति उपरांत परवीक्षा अवधि न्यूनतम 01 माह की होगी। उक्त अवधि में कार्य मूल्याकन उपरांत 11 माह के लिए नियुक्ति अवधि बढ़ायी जायेगी। साथ ही नियुक्ति उपरांत 01 वर्ष पूर्ण होने पर सीएलएफ अंतर्गत गठित समिति द्वारा कार्य की समीक्षा के आधार पर विभिन्न KPI में न्यूनतम 75 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करने पर नियुक्ति आगामी 01 वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती हैं।
8. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा अनुशासनहीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छा चारिता या अनियमितता के आधार पर छत्तीसगढ़ आजीविका संवर्धन समिति से अथवा अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
9. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं कोई सूचना नही दी जावेगी।
10. आवेदक जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
11. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्याथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता हैं।
12. पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित हैं।
13. आवेदन फार्म का प्रारूप जिले के वेबसाईड **www.kanker.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।
14. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
15. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता नोडल क्लस्टर संगठन के पास सुरक्षित रहेगा।

सुमित्रा पच्चाकी परमेश्वरी चितेश्वरी कोमरा

अध्यक्ष /सचिव/ कोषाध्यक्ष
महानदी महिला क्लस्टर संगठन
माकड़ीखुना

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
नोडल सीएलएफ
महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना

माकड़ीखुना, दिनांक 19/09/25

पृ. क्रमांक/ 173 /कलस्टर/IFC/2025

प्रतिलिपि :–

1. राज्य मिशन संचालक **SRLM** विकास आयुक्त कार्यालय, अटल नगर नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उ.ब. कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला उ.ब. कांकेर को सादर सूचनार्थ एवं जिले के वेबसाईड में अपलोड करने हेतु।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कांकेर जिला उ.ब. कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, जिला उ.ब. कांकेर को सादर सूचनार्थ

सुमित्रा पच्चाकी परमेश्वरी चितेश्वरी कोमरा

अध्यक्ष /सचिव/ कोषाध्यक्ष
महानदी महिला क्लस्टर संगठन
माकड़ीखुना

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
नोडल सीएलएफ
महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना

# आवेदन पत्र (प्रारूप)

प्रति,

| पासपोर्ट साईज का स्व प्रमाणित फोटो चस्पा करें। |
|---|

**अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष,**
नोड़ल सी.एल.एफ.
महानदी महिला कलस्टर संगठन माकड़ीखुना, कांकेर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)।

आवेदित पद का नाम :— ..........................................................................

1. आवेदक का नाम :— ..........................................................................
2. पिता / पति का नाम :— ..........................................................................
3. जन्मतिथि (अंको में) :— ..........................................................................
4. जन्मतिथि (शब्दों में) :— ..........................................................................
5. आयु (दिनांक 01.01.2025 के स्थिति में):—..........................................................................
6. लिंग (महिला / पुरूष / ट्रांसजेण्डर) :—..........................................................................
7. जाति वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.वर्ग / सामान्य):—..........................................................................
8. स्थाई पता:— ..........................................................................
..........................................................................
9. वर्तमान पता एवं मोबाईल नम्बर :— ..........................................................................
..........................................................................
10. शैक्षणिक योग्यताएं (स्व—सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) :—..........................................................................



| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविधालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. **संबंधित कार्य क्षेत्र मे अनुभव :–**

| क्र. | संस्था का नाम | पद नाम | कब से कब तक | कार्यकाल | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. **संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–**

1.............................................
2.............................................
3.............................................
4.............................................
5.............................................
6.............................................
7.............................................
8.............................................
9.............................................
10.............................................
11.............................................
12.............................................

**–: घोषणा :–**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि मैंने विज्ञापन में दिए गए सभी निर्देष व शर्तो को ध्यान से पढ़ और समझ लिया हैं। इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी प्रविष्टियां सत्य और सही हैं, मुझे मालुम हैं कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा, और चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी, जिसके विरूद्व मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति नहीं की जावेगी, व मुझे मान्य होगा। मैं संलग्न प्रमाण पत्रों की, मूल प्रति मांगे जाने पर प्रस्तुत करूंगा/करूंगी।

स्थान :
दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम :–.................................
पता :–.................................